**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3135**

**जिसका उत्तर 21 दिसम्बर, 2023 को दिया जाना है।**

.....

**जल संचयन अभियान**

**3135. श्री संगम लाल गुप्ताः**

**डॉ. रमापति राम त्रिपाठीः**

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गीः**

**श्री पी.पी. चौधरीः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जल शक्ति अभियान-वर्षा जल संचयन अभियान के अंतर्गत किए गए विभिन्न उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़, देवरिया, ओडिशा के बालासोर और राजस्थान के पाली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पूर्ण किए गए पारंपरिक जल निकायों के पुनरुद्धार से जुड़े कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस कार्यक्रम में उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पनधारा विकास कार्य भी किए गए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में किए गए सघन वनीकरण कार्यों का ब्यौरा क्या हैं; और

(च) विगत दो वर्षों के दौरान इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कार्यों को पूरा करने के लिए किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडु)**

**(क):** जल शक्ति अभियानः कैच द रेन (जेएसएः सीटीआर) अभियान में पांच प्रमुख कार्यकलाप होते हैं- (1) वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण (2) सभी जल निकायों की गणना, जियो-टैगिंग और इन्वेंट्री तैयार करना; जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजनाएं तैयार करना (3) सभी जिलों

में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना करना (4) गहन वनीकरण और (5) जन-जागरूकता सृजित करना।

**(ख):** जेएसए : सीटीआर अभियान के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-वार आंकडे संग्रह नहीं किए जाते हैं। जेएसए: सीटीआर पोर्टल (jsactr.mowr.gov.in) में देश भर के सभी जिलों द्वारा किए गए कार्यों के जिलेवार विवरण का संग्रहण और संकलन करने का प्रावधान हैं। जेएसए: सीटीआर में वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण एक प्रमुख कार्यकलाप है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ पारंपरिक जल निकायों का नवीकरण करना शामिल है। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़, देवरिया, ओडिशा के बालासोर और राजस्थान के पाली जिले में इस अभियान के तहत पिछले दो वर्षों के दौरान पूरे किए गए पारंपरिक जल निकायों के नवीकरण से संबंधित कार्यों का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

**(ग) से (ड़):** जेएसए : सीटीआर पोर्टल (jsactr.mowr.gov.in) पर उपलब्ध सूचना के अनुसार प्रतापगढ़, देवरिया, बालासोर और पाली जिलों में जेएसए: सीटीआर के अंतर्गत पूरे किए गए वाटरशेड विकास और गहन वनीकरण संबंधी कार्यों का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**(च):** जेएसए : सीटीआर अभियान के तहत व्यय की गई धनराशि केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न विकास कार्यक्रमों/योजनाओं का एक इंटर-सेक्टोरल अभिसरण है। तथापि जेएसए : सीटीआर अभियान के तहत जल निकायों की जीआईएस मैपिंग और वैज्ञानिक जल संरक्षण योजनाएं तैयार करने के लिए प्रत्येक जिले को 2.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता जारी की जाती है। जल निकायों के जीआईएस मैपिंग और जिला जल संरक्षण योजनाएं तैयार करने के लिए जेएसए : सीटीआर के अंतर्गत जारी निधियों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-III** में दिया गया है ।

****

**अनुलग्नक I**

**"जल संचयन अभियान" के संबंध में दिनांक 21.12.2023 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3135 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| **क्रम संख्या** | **जिले का नाम** | **पारंपरिक जल निकायों के पूरे किए गए नवीनीकरण कार्य** |
|---|---|---|
| 1 | प्रतापगढ़ -(जेएसए : सीटीआर 2023) | 728 |
| | प्रतापगढ़ -( जेएसए : सीटीआर 2022) | 1748 |
| | **कुल** | **2476** |
| 2 | देवरिया-( जेएसए : सीटीआर 2023) | 95 |
| | देवरिया-( जेएसए : सीटीआर 2022) | 150 |
| | **कुल** | **245** |
| 3 | बालासोर-( जेएसए : सीटीआर 2023) | 73 |
| | बालासोर-( जेएसए : सीटीआर 2022) | 179 |
| | **कुल** | **252** |
| 4 | पालि -( जेएसए : सीटीआर 2023) | 276 |
| | पालि -( जेएसए : सीटीआर 2022) | 240 |
| | **कुल** | **516** |

**अनुलग्नक II**

**"जल संचयन अभियान" के संबंध में दिनांक 21.12.2023 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3135 के भाग (ग) से (ड़) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| **क्रम संख्या** | **जिले का नाम** | **जेएसए : सीटीआर के तहत पूरे किए गए वाटरशेड विकास कार्य ( दिनांक 22.03.2021 से 15.12.2023 तक)** | **जेएसए : सीटीआर के तहत पूरे किए गए गहन वनीकरण कार्य ( दिनांक 22.03.2021 से 15.12.2023 तक)** |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापगढ़ | 12184 | 107701 |
| 2 | देवरिया | 15413 | 470224 |
| 3 | बालासोर | 2633 | 2929 |
| 4 | पाली | 2223 | 117502 |

**अनुलग्नक III**

**“जल संचयन अभियान” के संबंध में दिनांक 21.12.2023 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3135 के भाग (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**जेएसए : सीटीआर के तहत जारी की गई निधियों का राज्य-वार विवरण**

| क्रम संख्या | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **2021-22 राशि (लाख रुपये)** | **2022-23 राशि (लाख रुपये)** | **2023-24 राशि (लाख रुपये)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप (यूटी) | 2 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 13 | 13 | 0 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 11 | 1 | 1 |
| 4 | असम | 19 | 0 | 1 |
| 5 | बिहार | 28 | 3 | 39 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 13 | 4 | 10 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 2 | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 8 | 1 | 4 |
| 10 | गोवा | 1 | 1 | 2 |
| 11 | गुजरात | 15 | 37 | 0 |
| 12 | हरियाणा | 22 | 22 | 0 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 7 | 4 | 1 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 18 | 1 | 19 |
| 15 | झारखंड | 13 | 1 | 2 |
| 16 | कर्नाटक | 2 | 26 | 3 |
| 17 | केरल | 11 | 2 | 0 |
| 18 | लद्दाख | 2 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 1 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 44 | 1 | 1 |
| 21 | महाराष्ट्र | 3 | 20 | 0 |
| 22 | मणिपुर | 12 | 6 | 0 |
| 23 | मेघालय | 8 | 1 | 1 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | मिजोरम | 7 | 1 | 0 |
| 25 | नगालैंड | 5 | 5 | 11 |
| 26 | ओडिशा | 11 | 10 | 8 |
| 27 | पुडुचेरी (यूटी) | 0 | 2 | 2 |
| 28 | पंजाब | 7 | 8 | 8 |
| 29 | राजस्थान | 24 | 37 | 1 |
| 30 | सिक्किम | 4 | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 34 | 31 | 1 |
| 32 | तेलंगाना | 32 | 4 | 0 |
| 33 | त्रिपुरा | 8 | 0 | 8 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 46 | 19 | 5 |
| 35 | उत्तराखंड | 13 | 0 | 13 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2 | 0 | 0 |
| **कुल** | | **448** | **262** | **141** |

****